| दिनांक 25.03.2025 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 39/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना सिकन्द्राबाद**

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 24/25.03.2025 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कावरा रोड नार्मल स्कूल के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त साजिद उर्फ साहिल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिकन्द्राबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर हत्या, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—साजिद उर्फ साहिल निवासी गली नंबर 3 खजूरी खास थाना खजूरी खास दिल्ली हाल पता गोकुलपुरी नई दिल्ली।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद मुजफ्फनगर/थाना बुढाना**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 24/25.03.2025 की रात्रि को थाना बुढाना व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बुढाना कांधला मार्ग पर क्राउन कट से मंदवाड़ा जाने वाले रास्ते पर बदमाश की घेराबंदी गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मुकीम उर्फ मुक्की घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, जनपद मुजफ्फरनगर, शामली, हापुड, दिल्ली, उत्तराखण्ड प्रान्त के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, धोखाधडी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बुढाना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकीम उर्फ मुक्की निवासी नई कालोनी जनपद शामली।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद सहारनपुर/थाना बेहट**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 25.03.2025 को थाना बेहट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गंगारो नदी पुल के पास से 03 अभियुक्तों 1–शहजान 2–कादिर 3–शहजाद को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन, चोरी की 10 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.03.2025 को थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बेहट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन, मोटर साइकिल लूट/चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बेहट पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शहजान निवासी ग्राम नगराजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

2–कादिर निवासी सलेमपुर भूकडी थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर।

3–शहजाद निवासी भागूवाला थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–लूट के नगद रूपये, 02 मोबाइल फोन।

2–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना सदर बाजार**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 11 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की 01 किलो 368 ग्राम सफेद धातु की सिल्ली**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.03.2025 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्वालियर रोड से अभियुक्त सचिन को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 11 हजार रूपये नगद, चोरी की 01 किलो 368 ग्राम सफेद धातु की सिल्ली, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.03.2025 को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया, सफेद धातु आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सचिन पवन विहार थाना ट्रांस यमुना कॉलोनी कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 11 हजार रूपये नगद।

2–चोरी की 01 किलो 368 ग्राम सफेद धातु की सिल्ली।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद सहारनपुर/थाना सरसावा**

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्फतार**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 24.03.2025 की रात्रि को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम ढिक्का में यमुना नदी के किनारे चेकिंग के दौरान बदमाशों को रोकने

का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 01 अभियुक्त खालिद उर्फ साजिद घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। 03 अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना सरसावा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–खालिद उर्फ साजिद निवासी लापरा थाना यमुनानगर जनपद यमुनानगर हरियाणा हाल निवासी पोबारी थाना जठलाना जनपद यमुनानगर हरियाणा।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद सहारनपुर/थाना कुतुबशेर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 25.03.2025 को थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शुगर मिल के पास से 02 अभियुक्तों 1–दीक्षित 2–विनोद कुमार उर्फ जोनी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दीक्षित निवासी पारस विहार थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।

2–विनोद कुमार उर्फ जोनी निवासी कृष्णा कॉलोनी थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 07 मोटर साइकिल आदि।

## एएनटीएफ/आपरेशनल यूनिट आगरा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 531 ग्राम अवैध हेरोइन/स्मैक**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 24.03.2025 को एएनटीएफ आपरेशनल यूनिट आगरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर माल गोदाम के पास थाना कोतवाली जनपद मथुरा से अभियुक्त मो0 गयास को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 531 ग्राम अवैध हेरोइन/स्मैक, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली जनपद मथुरा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 गयास निवासी ग्राम दौलतपु थाना व जनपद जमुई बिहार।

**बरामदगी**

1–लगभग 03 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 01 किलो 531 ग्राम अवैध हेरोइन/स्मैक।

2–नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन आदि।

➢ **जनपद इटावा/थाना बसरेहर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 40–40 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद इटावा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद इटावा द्वारा थाना बसरेहर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34/201/506 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–गौरव कुमार 2–सौरभ कुमार को आजीवन कारावास व 40–40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद आजमगढ़/थाना मेहनगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना मेहनगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अच्छेलाल को आजीवन कारावास व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना सुमेरपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 21 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना सुमेरपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/504 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त गोविन्द को आजीवन कारावास व 21 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बस्ती/थाना हरैया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बस्ती पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बस्ती द्वारा थाना हरैया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त गुलाबचन्द्र को 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बिजनौर/थाना कोतवाली शहर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 01 लाख 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बिजनौर द्वारा थाना कोतवाली शहर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376/363/366 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त अर्जुन को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 01 लाख 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बुलन्दशहर/थाना अरनिया (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 07 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 03 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना अरनिया पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त राज उर्फ राजकुमार को 07 वर्ष के सश्रम कारावास व 03 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

| |
|---|
| दिनांक 25.03.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 40/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उ0प्र0 पुलिस के कुशल खिलाड़ी कोटा में भर्ती 02 आरक्षियों का FIBA 3x3 एशिया कप–2025 में भारतीय सीनियर पुरूष राष्ट्रीय बॉस्केटबाल टीम में हुआ चयन

मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 के कुशल नेतृत्व एवं पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में उ0प्र0 में उच्च स्तर पर कानून–व्यवस्था कायम करने के साथ–साथ उत्तर प्रदेश पुलिस में खेल को और अधिक बढ़ावा देने हेतु प्राथमिकता के आधार पर कुशल खिलाड़ियों को विभिन्न पदों पर भर्ती कर उन्हें सत्त प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप कुशल खिलाड़ी कोटा में भर्ती हुये उ0प्र0 पुलिस के 02 आरक्षियों 1–हर्ष डागर 2–कुशल सिंह को सिंगापुर में आयोजित FIBA 3x3 एशिया कप–2025 में भारतीय सीनियर पुरूष राष्ट्रीय बॉस्केटबाल टीम में बॉस्केटबाल फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा चयनित किया गया है।

पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा उक्त आरक्षियों का FIBA 3x3 एशिया कप–2025 के लिये भारतीय सीनियर पुरूष राष्ट्रीय बॉस्केटबाल टीम में चयनित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये सफलता हेतु शुभकामनाएं दी गयी।

चयनित किये गये खिलाड़ियों का विवरण, निम्नवत है :–

**1–हर्ष डागर** जनपद मेरठ में कान्सटेबिल के पद पर नियुक्त है तथा गुरूग्राम, हरियाणा के मूल निवासी है।

**उपलब्धियां:–**

**जूनियर इंटरनेशनल एचीवमेन्ट**

- अण्डर–17 एबीसी 2022 में कतर में 05वॉ स्थान।
- अण्डर–18 सबा ओडिशा 2022 में गोल्ड मेडल।
- अण्डर–18 एबीसी इरान 2022 08वॉ स्थान।
- अण्डर–17 3X3 एबीसी मलेशिया 2022 सिलवर मेडल।
- अण्डर–17 3X3 एशिया एमवीपी 2022
- अण्डर–18 3X3 वर्ल्डकप 2023

**जूनियर नेशनल एचीवमेन्ट**

- 70th अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2019 ब्रान्ज मेडल।
- 72nd अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2022 गोल्ड मेडल।
- 73rd अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2023 गोल्ड मेडल।

**सीनियर इंटरनेशनल एचीवमेन्ट**

- SAF गेम्स 2019 नेपाल गोल्ड मेडल।
- FIBA वर्ल्ड कप क्वालिफायर (विन्डो 4–5)–2022–लेबनान।
- FIBA प्री ओलम्पिक क्वालिफायर्स (विन्डो–1)–2023 सीरिया।
- FIBA एशिया कप क्वालिफायर्स (विन्डो–2,3,4)–ईरान, कतर, बहरीन।
- 3x3 एशिया कप 2025– सिंगापुर।

**सीनियर नेशनल एचीवमेन्ट**

- 36th 3x3 नेशनल गेम्स गुजरात–2022– गोल्ड मेडल।
- 4th 3x3 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप–2024– सिल्वर मेडल।

**2–कुशल सिंह** कमिश्नरेट प्रयागराज में कान्सटेबिल के पद पर नियुक्त है तथा चंदौली उ0प्र0 के मूल निवासी है।

**उपलब्धियां :–**

**जूनियर इंटरनेशनल एचीवमेन्ट**

- अण्डर–17 एबीसी 2022 में कतर में 05वॉ स्थान।
- अण्डर–18 सबा ओडिशा 2022 में गोल्ड मेडल।
- अण्डर–18 एबीसी इरान 2022 08वॉ स्थान।
- अण्डर–17 3x3 एबीसी मलेशिया 2022 सिलवर मेडल।
- अण्डर–17 3x3 एशिया एमवीपी 2022
- अण्डर–18 3x3 वर्डकप 2023

**जूनियर नेशनल एचीवमेन्ट**

- 70th अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2019 ब्रान्ज मेडल।
- 72nd अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2022 गोल्ड मेडल।
- 73rd अण्डर–18 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2023 गोल्ड मेडल।

## सीनियर इंटरनेशनल एचीवमेन्ट

- FIBA एशिया कप।
- FIBA वर्ल्ड कप क्वालिफायर (विन्डो 4–5)–2022–लेबनान।
- FIBA एशिया कप क्वालिफायर्स (विन्डो 3)–कतर।

## सीनियर नेशनल एचीवमेन्ट

- 36th 3x3 नेशनल गेम गुजरात–2022 गोल्ड मेडल।
- 4th 3x3 नेशनल बॉस्केटबाल चैम्पियनशिप 2024 सिल्वर मेडल।



| |
|---|
| **दिनांक 25.03.2025** |
| **प्रेस विज्ञप्ति 41/2025** |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर का चतुर्थ स्थापना दिवस–2025

**मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 श्री योगी आदित्यनाथ जी** की परिकल्पना एवं दूरदर्शिता के फलस्वरूप प्रदेश में कानून–व्यवस्था के दृष्टिगत एक नई पहल की शुरूआत करते हुए पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू किया गया। वर्तमान में प्रदेश के 07 प्रमुख जनपदो में कमिश्नरेट प्रणाली प्रचलित है, जिसके बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे है। इसी क्रम में चार वर्ष पूर्व कानपुर नगर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की गयी थी।

कानपुर पुलिस, कमिश्नरेट प्रणाली के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज दिनांक 25-03-2025 को कानपुर नगर में सेवा, सुरक्षा, सुशासन थीम के अन्तर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मा0 उच्चशिक्षा मंत्री उ0प्र0 सरकार श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा0 राज्यमंत्री समाज कल्याण श्री असीम अरूण एवं **श्री प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की उपलब्धियों एवं भविष्य की चुनौतियों पर चर्चा की गयी तथा पुलिस कमिश्नरेट का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया गया।

**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0** द्वारा अपने सम्बोधन मे कहा गया कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व, संतोष और आत्ममंथन का दिन है। एक ओर जहां उत्तर प्रदेश सरकार, जो कि माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, आठ वर्ष पूरे कर रही है, साथ ही साथ हम लोग कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना को भी चार वर्ष पूरे कर रहे है। पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा उपस्थित मा0 राज्यमंत्री समाज कल्याण श्री असीम अरूण को भी उनके 03 वर्ष पूरे होने के लिए बधाई देते हुए कहा गया कि यह पुलिस परिवार के लिए गर्व का विषय है कि जिस तरह से आपने एक सफल पुलिस अधिकारी के रूप में कार्य किया है उसी प्रकार एक सफल मंत्री के रूप में भी अपने दायित्वों को निभा रहे हैं और जनता की सेवा कर रहे हैं। यह दोहरी सफलता 08 वर्ष सरकार के और 04 वर्ष कमिश्नरेट की केवल एक प्रशासनिक और संस्थागत

सफलता नहीं है बल्कि यह जनता के विश्वास, सुरक्षा और सशक्त शासन की गूंज है। माननीय मुख्यमंत्री जी को जब नेतृत्व मिला तब उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं तय की जिसमें कानून व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता थी, क्योंकि उनका मानना था कि बिना कानून व्यवस्था अच्छी हुए विकास का कोई इकोसिस्टम, डेवलपमेंट का कोई भी वातावरण पूर्ण नहीं हो सकता है। यह उनका पूर्ण विश्वास था और उनके इसी लक्ष्य को अपराध और अपराधियों के प्रति शासन की जीरो टॉलरेंस की नीति का पालन किया गया और आप सभी आज देख रहे होंगे कि एक ऐसा माहौल बना है कि उत्तर प्रदेश के पुलिसिंग के मॉडल की सराहना सभी जगह की जाती है और हमारे फील्ड के अधिकारियों ने ऐसे परिणाम दिए हैं जो की चौंकाने वाले हैं। कानून व्यवस्था इतनी अच्छी है कि "Ease of Doing Business" में हम लोग छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। यहां निवेश पिछले 08 वर्षों में जितने हुए, वह उसके पिछले 15 वर्षों से लगभग 10 गुना अधिक है। यह तभी संभव है जब एक अच्छा वातावरण कानून व्यवस्था के बारे में मिले। जहां तक कमिश्नरी का सवाल है माननीय मंत्री जी को हमसे अधिक पता है इन्होंने बचपन से कमिश्नरी की लड़ाई देखी है और 50 वर्ष के इंतजार के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कमिश्नरी का तोहफा माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिया और पहले चरण में दो कमिश्नरी बने और द्वितीय चरण में कानपुर की कमिश्नरी हुई। जो सीनियर पुलिस अफसर होते है उन्हीं को कमिश्नरी का दायित्व दिया जाता है, पिछले 08 वर्ष में पूरे तरीके से पारदर्शी भर्ती के बाद 02 लाख 15 हजार से भी अधिक पुलिसकर्मी भर्ती किए गए हैं जहां किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं है। हमारे पुलिस कर्मियों की संख्या लगभग 04 लाख से अधिक है जिसमें से 2,15,000 से अधिक नए पुलिस कर्मी हैं। 2017 में पुलिस बल में बेटियों की संख्या सिर्फ 10,000 थी और उसके बाद से 30,000 महिलाओं की भर्ती हुई और अभी जो 60,000 भर्ती हुई है उसमें 12,000 से अधिक हमारी महिलाएं उसमें उत्तीर्ण हुई है तो कुल मिलाकर आज के दिन में हमारी लगभग 50,000 महिला का संख्या बल है। महिला के लिए मिशन शक्ति की एक बहुत बड़ी महत्वाकांक्षी योजना जो सरकार ने चलाई है इसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और उसके स्वावलंबन इन तीनों मुद्दों पर सरकार पूरी तरीके से कटिबद्ध है और इस दौरान महिलाओं के अपराधों में सजा की दर अगर हम देखें तो पूरे देश में उत्तर प्रदेश नंबर वन स्थान पर है। पिछले 14 महीनों में हम लोगों ने 79,000 लोगों को सजा दिलाई है जिसमें से 65 से अधिक मृत्यु दंड भी है।

**पुलिस महानिदेशक** महोदय द्वारा यह भी बताया गया कि उ0प्र0 पुलिस द्वारा कोविड जैसी महामारी में सराहनीय कार्य किया गया तथा दिन रात अथक परिश्रम करके कोविड को नियन्त्रित करने में विशेष योगदान दिया गया तथा जनता की सेवा की गयी ऐसे ही महाकुंभ में पुलिस के दुर्व्यवहार की कहीं कोई शिकायत नहीं मिली जबकि 66 करोड़ से अधिक लोग आए और लगातार 45 दिन तक हमारी पुलिस ने बिना शस्त्र के, केवल सीटी और रस्सी के सहारे ड्युटियां की। ऐसी अद्‌भुत व्यवस्था जो विश्व में किसी ने भी नहीं किया, वह उत्तर प्रदेश पुलिस ने करके दिखाया इसके लिए हमारे सभी जवानों को हमारे अधिकारियों को बहुत–बहुत बधाई ।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्यमी, समाजसेवी, नागरिको एवं पुलिस कर्मियों को पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा उनके कार्यो की प्रशन्सा करते हुए प्रशस्त्रि–पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मा0 महापौर कानपुर नगर, मा0 विधायक गण, मण्डलायुक्त कानपुर नगर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी/गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

स्थापना दिवस कार्यक्रम का समापन बडे खाने से किया गया जिसमें पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को अपने हाथो से भोजन कराया किया गया।




पुलिस कमिश्नरेट
कानपुर नगर
2025


4
साल
बेमिसाल
REDFM
SALUTE


30.jpg
पुलिस
REDFM
SALUTE
superhits
RED
FM 93.5
Bajaate Raho!
सच्चे नायकों का सम्मान
प्रदेश सरकार के 8 वर्ष एवं कमिश्नरी के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में
21%
ENG
IN


32.jpg
पुलिस
REDFM
SALUTE
superhits
RED
FM 93.5
Bajaate Raho!
सच्चे नायकों का सम्मान
आपकी, संकल्प हमारा”
Vinee
21%
ENG
IN


सच्चे नायकों का सम्मान
देश सरकार के 8 वर्ष एवं कमिश्नरी के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में
VANSAL




पुलिस





